मंगलवार
23 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



मुंडन के दौरान नाव फटने से गंगा में डूबे 30 से अधिक लोग; तीन की मौत 4



**लोकसभा चुनाव पर नजरः** राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से की चर्चा

# विपक्ष को मजबूत करने के लिए कांग्रेस नेताओं से मिले नीतीश

- तेजस्वी यादव खराब तबीयत की वजह से बैठक में नहीं हो पाए शामिल
- केसी वेणुगोपाल और ललन सिंह बोले- विपक्षी एकता के लिए सभी दलों की जल्द होगी बैठक, 2-3 दिन में तय होगी तिथि
- बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने किया ट्वीट- अब एकजुट होगा देश, लोकतंत्र की मजबूती ही हमारा है संदेश



**एजेंसी/नई दिल्ली**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों को एकजुट करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। नीतीश कुमार सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर पहुंचे। जहां अहम बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह और बिहार सरकार में मंत्री संजय झा भी मौजूद रहे।

मिली जानकारी के मुताबिक तेजस्वी यादव खराब तबीयत की वजह से बैठक में नहीं आ पाए। बैठक के बाद केसी वेणुगोपाल और ललन सिंह ने कहा कि आज हमारी बैठक में विपक्षी एकता के बारे में जो सहमति बनी हुई थी, उसपर विस्तार से चर्चा हुई। विपक्षी एकता के लिए सभी दलों की एक बैठक होगी, जिसके लिए जगह, समय और तिथी अगले 2-3 दिन में तय हो जाएगी। ज्यादातर विपक्षी नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। इस बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया कि अब एकजुट होगा देश, लोकतंत्र की मजबूती ही हमारा संदेश है. राहुल गांधी और हमने आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वर्तमान राजनैतिक स्थिति पर चर्चा कर, देश को एक नई दिशा देने की प्रकिया को आगे बढ़ाया।

### कर्नाटक में एक मंच पर साथ आए थे कई विपक्षी दल

इससे पहले शनिवार को कर्नाटक में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भी विपक्ष के 18 दलों के नेता एक मंच पर नजर आए थे और विपक्षी एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया गया था। इस समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जेडीयू के अध्यक्ष ललन सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव भी पहुंचे थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पिछले कुछ महीनों से विपक्षी एकजुटता का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रयास के तहत खरगे कई विपक्षी नेताओं से बात और मुलाकात कर चुके हैं। दूसरी तरफ नीतीश कुमार भी कई विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर एक मंच पर आने की सलाह दे चुके हैं। आने वाले दिनों में बिहार की राजधानी पटना में विपक्ष के प्रमुख नेताओं की एक बैठक हो सकती है।

### रविवार को दिल्ली के सीएम केजरीवाल से की थी मुलाकात

इससे पहले रविवार को नीतीश कुमार ने और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। इस दौरान केंद्र सरकार के लाए गए अध्यादेश के खिलाफ केजरीवाल सरकार को समर्थन देने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव 2024 समेत कई सियासी मुद्दों पर चर्चा हुई थी। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि दिल्ली की सरकार को काम करने से रोका जा रहा है। ये हैरानी भरा है, भाजपा के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही थी। वहीं केजरीवाल ने कहा कि विपक्ष को एकजुट होकर केंद्र सरकार के इस तानाशाही अध्यादेश को संसद में हराना होगा। राज्यसभा में यह बिल पारित नहीं हुआ तो यह 2024 का सेमीफाइनल होगा और पूरे देश में बड़ा संदेश जाएगा।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, सेना ने संभाला मोर्चा

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर की राजधानी इंफाल में सोमवार सुबह एक बार फिर हिंसा भड़क गई। कई जगहों पर आगजनी की खबरों के बाद कर्फ्यू फिर से लगा दिया गया है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना को भी बुलाया गया है। पुलिस के मुताबिक, इस ताजा हिंसा के सिलसिले में 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और उनके पास से दो हथियार भी बरामद किए हैं। शहर में हालात अब शान्तिपूर्ण हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इंफाल के न्यू चेकॉन इलाके में स्थित एक स्थानीय बाजार में जगह को लेकर मेइती और कुकी समुदाय के बीच मारपीट हो गई, जिसने देखते ही देखते दो समुदायों के बीच संघर्ष का रूप ले लिया। इसके बाद कई जगहों पर आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि फिलहाल इस हिंसा में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। मणिपुर में करीब तीन हफ्ते पहले भी मेइती और कुकी समुदाय के बीच हिंसा भड़क गई थी। तब अफवाहों और गलत सूचना के



प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। हालांकि इस कारण राज्य के लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वे न तो ऑनलाइन माध्यम से पैसे भेज पा रहे हैं और ना ही अन्य आवश्यक डिजिटल मंच का उपयोग कर पा रहे हैं। हिंसा शुरू होने के बाद से मेइती और कुकी समुदायों के बीच हुई झड़पों में 70 से अधिक लोगों की जान चली गई है। वहीं राज्य में आवश्यक वस्तुओं को लाने वाले ट्रकों की विशेष सुरक्षा के बीच आवाजाही जारी है।

### 26 मई तक इंटरनेट पर रोक

मणिपुर सरकार ने एक नई अधिसूचना जारी कर कहा कि राज्य में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को और पांच दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अब यह प्रतिबंध 26 मई तक जारी रहेगा। अधिसूचना में, सरकार ने हवाला दिया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग के माध्यम से अभद्र भाषा और अफवाहों के प्रसार पर अंकुश लगाना इंटरनेट प्रतिबंध को बढ़ाने के प्रमुख कारणों में से एक था।

**मणिपुर में ऊर्जा संकट को टालने के लिए उठाया कदमः** मणिपुर में संकट के मद्देनजर, टैरिटोरियल आर्मी ने तीन तेल प्रतिष्ठानों का प्रबंधन करने के लिए कदम बढ़ाया है, जिससे हिंसा प्रभावित राज्य में ऊर्जा संकट टल गया है। ये तीन महत्वपूर्ण तेल प्रतिष्ठान इंफाल एविएशन फ्यूलिंग स्टेशन, मालोम बल्क ऑयल डिपो और सेकमई एलपीजी बॉटलिंग प्लांट हैं। सेना के मुताबिक सूचना मिलने के 48 घंटे के भीतर बटालियन मालोम डिपो पहुंच गई और अगले 12 घंटों के भीतर डिपो को पूरी तरह से चालू कर दिया गया।

## नवादा में चोरों ने एक ही रात की 10 घरों में चोरी, मची सनसनी

**नवादा।** बिहार के नवादा में रविवार की रात चोरों ने एक साथ 10 घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इससे पूरे इलाके में सनसनी मच गई। पूरा मामला नवादा जिले के रजौली अनुमंडल क्षेत्र का है। पहली घटना रजौली थाना क्षेत्र के मुड़कटवा गांव की है, जहां सच्चिदानंद प्रसाद के घर में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने कृष्णा यादव, बलदेव यादव, बंगाली यादव, मन्नू यादव, रामअवतार यादव, मनोज यादव, बिंदा यादव, अवधेश यादव, इंद्रदेव यादव के घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इन लोगों के घर से पैसे, सोने-चांदी और अनाज की चोरी की गई है।

# शादी के लिए ब्यूटी पार्लर में सजने गई युवती को प्रेमी ने मार दी गोली, गंभीर

**केटी न्यूज/मुंगेर**

मुंगेर जिले में प्रेमिका की अन्यत्र शादी होने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका को गोली मार दी। आरोपी बिहार पुलिस का कांस्टेबल बताया जाता है। इधर, गोली लगने से लड़की बुरी तरह घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक, कासिम बाजार थाना क्षेत्र में कस्तूरबा वाटर चौक स्थित एक ब्यूटी पार्लर में रविवार देर शाम एक युवती अपनी शादी से पहले तैयार होने आई थी। उस दौरान वहां पर एक पुलिस कांस्टेबल अमन कुमार पहुंच गया। अचानक उसने लड़की को गोली मार दी। इस घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में घायल अवस्था में लड़की को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि आरोपी पुलिस का जवान है और लड़की के साथ उसका प्रेम संबंध था। लड़की की अन्यत्र शादी तय होने से वह




नाराज था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गोली मारकर कॉन्स्टेबल ने अपनी कनपटी पर भी पिस्तौल रखी, लेकिन पिस्तौल नीचे गिर गई। इसके बाद पार्लर के कर्मचारी ने उसे पकड़ लिया, लेकिन वह वहां से भाग गया। इधर, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि अमन बिहार पुलिस का जवान है और फिलहाल पटना में नियुक्त है। वह महेशपुर गांव का रहने वाला है।

# जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने साधा निशाना, बोले- गरीबों का श्राप मोदी और शाह की सरकार पर पड़ेगा

**केटी न्यूज/पटना**

जेडीयू प्रदेश कार्यालय में सोमवार को एमएलसी नीरज कुमार और प्रवक्ता डॉ. सुनिल ने प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। नीरज कुमार ने कहा कि आज मैं दो केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया जो सनातनी हिंदू हैं। इनके फर्जीवाड़े का उद्भेदन कर रहा हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से बिहार के मात्र चार अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया है। रूबन मेमोरियल हॉस्पिटल पटना, हार्ट हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड पटना, जीवक हार्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पटना, महावीर कैंसर संस्थान, पटना। क्या इन्हीं चार अस्पतालों में



हिंदू जाता है? दूसरे अस्पतालों में नहीं जाता है। बिहार सरकार ने 43 अस्पताल और केंद्र ने सिर्फ चार अस्पताल को सूचीबद्ध किया है।

नीरज कुमार ने कहा कि गरीब परिवारों का श्राप मोदी और शाह की सरकार पर पड़ेगा। निश्चित तौर पर हिंदू और सनातनी भी बीमार पड़ते होंगे, प्रधानमंत्री राहत कोष में लोग सहायता में राशि देते हैं। मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में भी लोग राशि देते हैं। नीरज कुमार ने डाटा दिखाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में 100 भी कोई देता है तो वह भी वेबसाइट पर उपलब्ध है, लेकिन पीएम रिलीफ फंड के वेबसाइट पर किसने कितनी राशि दी, इसकी कोई जानकारी नहीं है।

**संजय जायसवाल पर हमला बोलाः** वहीं, आगे बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल पर हमला बोलते हुए जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि संजय जायसवाल कई दलों की परिक्रमा करके अभी हाल ही में पदमुक्त हुए हैं, उनको अगर अनुसूचित जाति की बहुत चिंता है तो बाबू जगजीवन राम छात्रवास योजना क्यों बंद कर दिए? उसमें तो अनुसूचित जाति के ही छात्र रहते थे।

# जदयू की महिला प्रदेश सचिव ने मंत्री के खिलाफ खोला मोर्चा

**केटी न्यूज/गया**

बेलागंज क्षेत्र संख्या-8 की जिला पार्षद सह जेडीयू की महिला प्रदेश सचिव करिश्मा कुमारी ने अपनी ही सरकार के मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला पार्षद करिश्मा कुमारी के आवास पर राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ई अजय कुशवाहा ने मुलाकात की। करिश्मा कुमारी ने सहकारिता मंत्री डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव पर जमकर हमला बोला।

**क्या है मामलाः** फतेहपुर प्रखंड में चार मई को बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री और आरजेडी नेता डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव द्वारा एक सभा में करिश्मा कुमारी पर अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी की गई थी। सहकारिता मंत्री ने कहा था- हाफ पैंट वाली मैडम को चुनाव में लाया गया और सभी युवा मैडम का फोटो लेकर किस करते हैं। वोट को अपने पक्ष में लेने का कार्य किया गया था।

बैठक के दौरान जिला पार्षद करिश्मा कुमारी ने कहा कि एक महिला प्रतिनिधि के प्रति सहकारिता मंत्री का इस तरह का बयान दिया जाता है तो एक आम महिला के प्रति उनकी क्या सोच होगी? ऐसी मानसिकता रखने वाले मंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए। जब एक महिला को मान सम्मान नहीं मिले तो राजनीति में आने का कोई फायदा नहीं है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार से गुहार लगाई है कि ऐसे मंत्री पर कार्रवाई की जाए।




**मेरठ में पिछले तीन दिनों में सोना-चांदी के कारोबार में 30 प्रतिशत तक की हुई है बढ़ोत्तरी**

# 2000 के नोट खपाने के लिए गहनों की हो रही खरीदारी

**एजेंसी/मेरठ**

मेरठ का सरार्फा बाजार स्वर्ण आभूषण बनाने के मामले में एशिया में नंबर वन है। इस समय मेरठ के सरार्फा बाजार में भी दो हजार के नोट लेकर जमकर खरीददारी की जा रही है। लोगों को जबसे पता चला है कि दो हजार के नोट प्रचलन से बहार हो जाएंगे तो वो जमकर सोना-चांदी खरीद रहें हैं। मेरठ में हर रोज 10 से 12 करोड़ रुपये का कारोबार होता है, लेकिन पिछले तीन दिनों में इसमें 30 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है।

वहीं मार्केट में तरह तरह की चचाएं हैं, मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन हर हलचल पर नजर बनाए है। एसोसीशन के महामंत्री विजय कुमार अग्रवाल का कहना है एक



लिमिट तक ही हम दो हजार के नोट ले रहें हैं और तीन दिन से सोने का रेट 63 हजार पर ही रुका है बढ़ा नहीं है। वहीं दो हजार का नोट वापस लेने के भारतीय रिजर्व बैंक फैसले के बाद ज्वेलर्स से सोना, चांदी की खरीद संबंधी पूछताछ बढ़ गई है।

बता दें कि दुनिया में चीन के बाद भारत में सोने की खपत सबसे ज्यादा होती है. सरार्फा कारोबारियों के निकाय जीजेसी ने कहा, ह्लहालांकि, 2016 में नोटबंदी के दौरान देखी गई स्थिति के विपरीत अब सोने की घबराहटपूर्ण लिवाली नहीं है.वास्तव में पिछले दो दिन में केवाईसी मानदंडों के कठोर नियमों के कारण 2,000 रुपये के नोटों के बदले सोने की खरीद वास्तव में कम रही है।

हालांकि सूत्रों ने कहा कि कुछ जौहरियों ने सोना खरीद पर 5-10 प्रतिशत प्रीमियम लेना शुरू कर दिया है जिससे पीली धातु का भाव 66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। वहीं दो हजार के नोट को लेकर आरबीआई के फैसले पर सियासी घमासान मचा हुआ है। जहां विपक्षी दल मोदी सरकार को निशाने पर ले रहे हैं तो बीजेपी इसे सही कदम बता रही है।

# बढ़ती गर्मी के कारण बच्चों के डायरिया की चपेट में आने की बढ़ जाती है संभावना

- सरकारी अस्पतालों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध हैं ओआरएस के पैकेट

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले में गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है। लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण बच्चों और वयस्कों में अत्यधिक डायरिया की संभावना बढ़ गई है। जिसके कारण निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) की समस्या झेलनी पड़ सकती है। वहीं, कुशल प्रबंधन व जानकारी के अभाव में यह जानलेवा भी हो जाता है। इसके लिए डायरिया के लक्षणों के प्रति सतर्कता एवं सही समय पर उचित प्रबंधन कर इस गंभीर रोग से आसानी से बचा जा सकता है। डायरिया के लक्षण दिखते ही मरीज तथा उसके घरवालों को सजग हो जाना चाहिए। प्राथमिक उपचार के रूप में ओआरएस का घोल दिया जा सकता है जिससे निर्जलीकरण की स्थिति से बचा जा सके। अगर मरीज को इससे राहत न मिले तो बिना विलम्ब किये तुरंत मरीज को चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। ताकि शीघ्र इलाज हो सके। इसमें विलम्ब जानलेवा साबित हो सकता तथा डायरिया से मरीजों की मृत्यु भी हो सकती है।




## तीन प्रकार के होते है डायरिया

डायरिया मुख्यत: तीन प्रकार के होते हैं। पहला एक्यूट वाटरी डायरिया, जिसमें दस्त काफी पतला होता एवं यह कुछ घंटों या कुछ दिनों तक ही होता है। इससे निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) एवं अचानक वजन में गिरावट होने का खतरा बढ़ जाता है। दूसरा एक्यूट ब्लडी डायरिया जिसे शूल के नाम से भी जाना जाता है। इससे आंत में संक्रमण एवं कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। तीसरा परसिस्टेंट डायरिया जो 14 दिन या इससे अधिक समय तक रहता है। इसके कारण बच्चों में कुपोषण एवं गैर-आंत के संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है। चौथा अति कुपोषित बच्चों में होने वाला डायरिया होता है जो गंभीर डायरिया की श्रेणी में आता है। इससे व्यवस्थित संक्रमण, निर्जलीकरण, हृदय संबंधित समस्या, विटामिन एवं जरूरी खनिज लवण की कमी हो जाती है।

**नीम हकीम द्वारा बताये गए उपायों से बचना चाहिए :** एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया, डायरिया के लक्षण यदि ओआरएस के सेवन के बाद भी रहे तो अविलम्ब मरीज को डॉक्टर के पास ले जाएँ तथा उचित उपचार कराएं। उन्होंने बताया कि नीम हकीम द्वारा बताये गए उपायों से बचना चाहिए तथा चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए। जिले में डायरिया से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण उपचार में की गयी देरी होती है। उन्होंने बताया कि जिले में डायरिया के बेहतर प्रबंधन तथा लोगों के बीच इसके लिए जागरूकता फैलाई जा रही है। यदि कोई डायरिया से पीड़ित हो गया है तो तत्काल अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय या रेफरल अस्पताल में जाकर ओआरएस के पैकेट ले सकता है। या फिर आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर सकता है। आशा कार्यकताओं को भी ओआरएस के पैकेट बांटने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## हत्या के प्रयास मामले में पति, भैसुर व ससुर को आजीवन कारावास

**जहानाबाद।** दहेज को लेकर जानलेवा हमला करने के आरोपी पति, भैसुर एवं ससुर के सजा के बिंदु पर सोमवार को सुनवाई पूरा करने के उपरांत जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ राकेश कुमार सिंह के न्यायालय ने अभिराम यादव उर्फ छोटू अविनाश यादव उर्फ टिंकू तथा शिव प्रसाद यादव को आजीवन कारावास एवं 10000 हजार अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। इतना ही नहीं न्यायालय ने आरोपी को भादवि की धारा 325 के तहत सात वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 हजार अर्थदंड व तीन साल सश्रम कारावास एवं 10000 रुपए अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। उपरोक्त जानकारी लोक अभियोजक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में औरंगाबाद जिला अंतर्गत ओबरा थाना क्षेत्र के भरूद टोले प्रेम विगहा गाव निवासी जयनंदन यादव की पुत्री प्रभादेवी ने मेहंदिया थाना में पति अभिराम यादव उर्फ छोटू, ससुर शिव प्रसाद यादव, सास मनोरमा देवी, भैंसूर अविनाश यादव एवं गोतनी समेत नौ लोगों को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में सूचिका ने आरोप लगाया था। उसकी शादी अभिराम यादव उर्फ छोटू के साथ वर्ष 2013 में हुई थी। शादी के बाद परिवार के लोग ठीक से रखते थे। वर्ष 2019 में उपरोक्त सभी लोग मिलकर प्रताड़ित करने लगे।इसलिए 5 लाख रुपए और चार लाख का गहना मांग करने लगे। मृतका पिता ने पंचायती भी कराई थी, लेकिन वे लोग नहीं माने। 11 नवंबर 2020 को सभी लोग मिलकर घर का मुख्य दरवाजा बंद कर जान मारने की नियत से लाठी डंडा से मारकर जख्मी कर दिया।

### जगदीशपुर के दुलौर गांव के समीप हुआ हादसा, अस्पताल जाने के दौरान गई जान

# साले की शादी से अपने गांव लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के समीप आरा-मोहनियां नेशनल हाई-वे पर सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन ने साले की बारात से लौट रहे बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी युवकी इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान मौत हो गई। मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी बाबूधर सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अंकज कुमार था। बताया जाता है कि अंकज गुजरात के अहमदाबाद में प्राइवेट काम करता था।

मृतक के चचेरे भाई सोनू कुमार ने बताया कि एक माह पूर्व ही गांव आया था। अपने साले लवकुश कुमार की शादी में शामिल होने के लिए ससुराल चौरी थाना क्षेत्र के अकौड़ा गांव गया था। वहां से रविवार की शाम वह से साले लवकुश के बारात में शामिल होने के लिए बक्सर जिला के दुबौली गांव गया था। सोमवार सुबह वह बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान दुलौर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद इलाज के लिए उसे जगदीशपुर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि आरा सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सदर अस्पताल में तैनात एएसआई संतोष कुमार सिंह द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।



- घटना के बाद घर में मचा कोहराम, परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल



**भाई का सजा सेहर तो बहन का उजड़ गया सुहाग :** सड़क हादसे में अंकज कुमार की मौत से उसकी पत्नी रेकम देवी की खुशियां छीन गयी। एक तरफ उसके भाई के सिर पर सेहरा सजा। वहीं दूसरी ओर उसका ही सुहाग उजड़ गया। देखते ही देखते शादी का पूरा माहौल मातम में तब्दील हो गया। अंकज की मौत से उसके घर के साथ ससुराल में भी कोहराम मचा है। उसके ससुराल के लोगों का हाल भी काफी बुरा था। एक तरह घर में नयी बहू आ रही थी, तो दूसरी ओर एक बेटी का सुहाग उजड़ गया था।बताया जा रहा है कि अंकज अपने चार बहन व दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां माला देवी, पत्नी रेकम देवी, पुत्र शिवम और पुत्री पायल है। घटना के बाद मां माला देवी और पत्नी रेकम देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## चचेरी बहन की शादी में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से युवक की मौत

**आरा।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में रविवार की रात हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। चचेरी बहन की शादी के दौरान हो रहे जयमाल में यह हादसा हुआ। लेकिन, इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक सैदपुर के धर्मेंद्र सिंह का बेटा रोहित सिंह था। जो स्नातक का छात्र था। घटना के बाद अफरातफरी और भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि निवासी वीरेंद्र सिंह की बेटी की बारात उदवंतनगर गांव से आयी थी। देरशाम जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था। इस बीच किसी व्यक्ति द्वारा हर्ष फायरिंग कर दी गई। उसमें रोहित को गोली लग गयी और वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।



हालांकि बारात में हर्ष फायरिंग किसने की यह अभी पता नहीं चल पाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्राथमिक सूचना के अनुसार जयमाल के दौरान हर्ष फायरिंग के क्रम में रोहित कुमार सिंह को गोली लगी थी। अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। घटना से संबंधित वीडियो फुटेज और अन्य जानकारी जुटाई जा रही है। हर्ष फायरिंग करने वालों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है। हालांकि अभी तक वादी पक्ष से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं घटना के बाद युवक के घर में कोहराम मच गया है।

## किसान सलाहकारों के 19 रिक्त पदों पर चयन हेतु मेधा सूची प्रकाशित

**जहानाबाद।** वर्ष 2014 से जिले में लंबित किसान सलाहकारों की चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वर्ष 2014 में जहानाबाद जिले के लिए 19 किसान सलाहकारों का चयन करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त कुल 2034 आवेदनों मे से विभाग द्वारा प्राप्तांक के आधार पर ऑटो फिल्टर कर रिक्ति के 20 गुणा, कुल 380 अभ्यर्थियों की सूची काउन्सेलिंग के लिए उपलब्ध कराई गई थी। कालान्तर में 2014 मे अपरिहार्य कारणवश चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। पुन: वर्ष 2022 में माननीय उच्च न्यायालय के निदेशानुसार राज्य स्तर पर किसान सलाहकार चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई जिसमें मुख्यालय स्तर से प्राप्त अभ्यर्थियों की सूची में से जिला पदाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्ययी चयन समिति की गठनोपरान्त जिले में चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की गई एवं अभ्यर्थियों की सत्यता और शुद्धता जांच हेतु काउन्सेलिंग की गई। प्राप्त सूची के अभ्यर्थियों को काउन्सेलिंग प्रक्रिया के लिए दिनांक 28 फरवरी तथा 1,2,3 एवं 4 मार्च 2023 को आमंत्रित किया गया था जिसमें से उपस्थित होने वाले 43 अभ्यर्थियों के काउन्सलिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिला पदाधिकारी, की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय किसान सलाहकार चयन समिति की अनुशंसोपरांत दिनांक 22 से 27 मई तक अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर तैयार की गई औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन संबंधित अभ्यर्थियों के संज्ञानार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ जिले के आधिकारिक वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## पीएमईजीपी के तहत जिले में कम आवेदनों की स्वीकृति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/अरवल**

जिलाधिकारी अरवल वर्षा सिंह की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत अरवल जिले के वर्ष 2023-24 में बैंकवार का निर्धारित लक्ष्य 128 सत्यापित किया गया था, जिसमें अग्रसारित आवेदन 55, स्वीकृत आवेदन 06 तथा वितरित 01 आवेदन किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंकर्स को निदेशित किया गया कि आपस में समन्वय स्थापित कर लक्ष्य को पूरा करें। प्रत्येक सप्ताह प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में अस्वीकृत हुए आवेदनों को अद्यतन करते हुए निष्पादित करने का निदेश महाप्रबंधक एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया गया।




प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत जिले में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में बैंकवार का निर्धारित लक्ष्य 124 के विरूद्ध स्वीकृत आवेदन 29, बैंकों में लंबित आवेदन 47 एवं बैंक द्वारा अस्वीकृत आवेदन 48 किया गया। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया तथा अस्वीकृत लक्ष्य पर कारण स्पष्ट कर एक सप्ताह के अन्दर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश सभी बैंकर्स को दिया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना का इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 85 लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य के अनुकूल तीन गुणा आवेदन बैंकों में जल्द से जल्द भेजा जाय ताकि निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पुरा किया जा सके। साथ ही, प्रचार प्रसार करने हेतु महाप्रबंधक को निदेशित किया गया। सब्सीडी के मुद्दे पर समन्वय स्थापित कर महाप्रबंधक द्वारा केबीआइसी को सूचित करने का निदेश दिया गया।

### फाइलेरिया विभाग ने हाथीपांव मरीजों को सौंपे दिव्यांगता सर्टिफिकेट, हाथीपांव मरीज ले सकेंगे योजनाओं का लाभ

# चालीस प्रतिशत से अधिक अपंगता मिलने पर निर्गत होगा प्रमाणपत्र

- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी किया गया है प्रमाणपत्र

**केटी न्यूज/नवादा**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाथीपांव के मरीजों को दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल कर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने की कवायद की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिलाने की योजना को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत सोमवार को



फाइलेरिया विभाग द्वारा हाथीपांव प्रभावित दो मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र सौंपा गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. आफताब कलीम द्वारा हाथीपांव के दो मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिये गये। उन्होंने बताया कि सीता देवी और कुंती देवी नामक दो हाथीपांव प्रभावित महिलाओं को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिये गये हैं। हाथीपांव के मरीजों को ये प्रमाण पत्र भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी किये गये हैं।`

**हाथीपांव मरीज भी हुए दिव्यांग में शामिल:** डॉ आफताब कलीम ने बताया कि जिला के विभिन्न प्रखंडों में हाथीपांव के मरीजों को खोजने का अभियान चल रहा है। ऐसे कई मरीज जो हाथीपांव के गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, उनकी जांच कर उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किये जायेंगे। चालीस प्रतिशत से अधिक अपंगता मिलने पर हाथीपांव के मरीजों को यह दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। दिव्यांगता का प्रतिशत फाइलेरिया की गंभीरता और शारीरिक क्रियाकलापों में असुविधा देख कर दिया जाता है।

**दिव्यांगता प्रमाण पत्र की मदद लेंगे लाभ:** उन्होंने बताया हाथीपांव के मरीज जिन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है, वे इस प्रमाण पत्र की मदद से राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ समान रूप से ले सकते हैं। इनमें रेलवे यात्रा के दौरान मिलने वाली छूट, विकलांगता पेंशन तथा अन्य प्रकार के लाभ शामिल हैं। राज्य आयुक्त निःशक्तता द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि हाथीपांव से ग्रसित मरीज को दिव्यांगता की श्रेणी में शामिल किया जाये। हाथीपांव की गंभीरता के आधार पर इसकी श्रेणी तय कर दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्राप्त निर्गत करने में मरीजों की हर संभव मदद की जाए। फाइलेरिया विभाग आकर इसके बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## एक नजर

### चंदन शर्मा की हत्या करने वाले दोनों शूटर समेत छह गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जहानाबाद।** जिले की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शहर के चर्चित चंदन शर्मा के दोनो हत्यारों को पुलिस ने हत्या में शामिल हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के लोक नगर मोहल्ले के रहने वाले चर्चित ठेकेदार चंदन शर्मा को बीते 8 मई को देर रात अपराधियों ने घर के समीप 5 गोली मारकर हत्या कर दिया था। हत्या के बाद जहानाबाद पुलिस की चारों तरफ से किरकिरी होने लगी थी जिसके बाद एसपी दीपक रंजन के द्वारा तुरंत विशेष पुलिस बल टीम का गठन किया गया। केस का सफल उद्भेदन के लिए एसपी दीपक रंजन ने कई तरह के तकनीकी अनुसंधान किया गया और उस टीम के द्वारा पुलिस को सफलता मिली जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल दोनों शूटर को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, हत्या में शामिल कुल 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के लोक नगर मोहल्ले के रहने वाले चर्चित ठेकेदार चंदन शर्मा को बीते 8 मई को देर रात अपराधियों ने घर के समीप 5 गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद पुलिस की चारों तरफ से किरकिरी होने लगी थी। जिसके बाद एसपी दीपक रंजन के द्वारा तुरंत विशेष पुलिस बल टीम का गठन किया गया। केस का सफल उद्भेदन के लिए एसपी दीपक रंजन ने कई तरह के तकनीकी अनुसंधान कराया और उस टीम के द्वारा पुलिस को सफलता मिली। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल दोनों शूटर के साथ कुल 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एसपी दीपक रंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दोनों सुप्रो को एवं हत्या में शामिल दो अन्य लोगों को कुल 4 लोगों को चंदन शर्मा ठेकेदार के हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है हत्या का कारण लोगो से लाखों रुपये पैसे का लेनदेन महिला प्रेम प्रसंग एवं कुछ ठेकेदारी के विवाद सामने निकल कर आ रही है। एसपी ने बताया कि हत्या करवाने वाला मुख्य अभियुक्त अभी तक पुलिस की पकड़ से फरार है जिससे कि पुलिस बहुत जल्द गिरफ्तार कर लेगी।



### अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन ने दिखाई सख्ती, नहीं हटाने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

**जहानाबाद।** जिले के काको में नित्य लगते जाम से निजात के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख इख्तियार करते हुए अतिक्रमणकारियों को स्वतः अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। कड़ी धूप के बावजूद सीओ नीली यादव एंव थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने स्थानीय बाजार में सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए इसे अविलंब हटाने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि यदि प्रशासनिक अमले के द्वारा हटाए जाने पर आर्थिक जुमार्ना भी वसूला जाएगा।विदित हो स्थायी और फुटपाथ दुकानदार रों के द्वारा अतिक्रमण कर लिए के कारण काको बाजार में लगातार जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा अंचल अधिकारी को सूचित किया गया था। जिसके बाद अंचलाधिकारी द्वारा करवाई करते हुए सोमवार को पुलिस बल के साथ बाजार में उतर कर अतिक्रमणकारियों को सड़क से अस्थाई दुकानें हटाने का निर्देश देते हुए लोगों को अतिक्रमण से उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया। स्मरण रहे कि कई दुकानदारो ने सड़क पर ही भवन निर्माण सामग्री डंप कर रखा है जिससे भी जाम की समस्या उत्पन्न होती है। बताते चलें की प्रशासन द्वारा एक माह पूर्व भी अतिक्रमण कारियो को सचेत किया गया था बावजूद इसके सड़क पर दुकान लगती रही जिसके पश्चात पुनः दो दिन पूर्व अंचल अधिकारी द्वारा पूरे बाजार में घूम घूम कर ध्वनि विस्तारक यंत्र से अतिक्रमकारियों को हटने का निर्देश दिया गया था। बाबजूद अतिक्रमकारिओं द्वारा मनमाने ढंग से रोड पर अपनी दुकान खोल रखे थे अंचल अधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए 72 घंटा का समय निर्धारित की है।अंचल अधिकारी ने बताया की दिए गए समय सीमा के अंदर लोग अपनी दुकान नही हटाए तो बुलडोजर लाकर सभी अतिक्रमणकारियों को हटाया जाएगा। प्रशासन की करवाई से अतिक्रमणकारियों में खौफ की माहौल देखा गया।



### डीएम ने की भूमि विवाद एवं खनन की समीक्षा

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में भूमि विवाद एवं खनन की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि भूमि विवाद में अधिकांश मामले जमीन की मापी, रैयतों के बीच सीमांकन, लोक भूमि अतिक्रमण, सरकारी भूमि के आवंटियों को बेदखल किये जाने, गैर मजरूआ मालिक/आम जमीन एवं बकाश्त भूमि पर कब्जा तथा नल-गली एवं छज्जा के निर्माण को लेकर होते हैं। सर्वप्रथम भूमि विवाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि भू समाधान पोर्टल का अनुश्रवण करते हुए ससमय प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी शनिवार की बैठक में समन्वय स्थापित करते हुए भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही सभी अंचल पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार के जनता दरबार, जिला मुख्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार आदि में आने वाले आवेदनों या मामलों का अनुश्रवण कर निष्पादन करना सुनिश्चित करें। भूमि विवाद को लेकर हुई गंभीर घटनाओं/ मामलों पर परिचर्चा करते हुए सर्वाधिक संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी रखते हुए प्रिवेंटिव मेजर्स लेने का निदेश दिया गया। साथ ही भूमि विवाद के मामलों में बांड डाउन से संबंधित मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सरकारी भूमि के अतिक्रमण पर अंकुश लगाने हेतु अंचल अधिकारी को एवं सरकारी भूमि से संबंधित टाइटल सूट के मामलों का अनुश्रवण करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा को दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने जिला खनन पदाधिकारी के अतिरिक्त सभी अंचल अधिकारियों को सक्रिय रुप से छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही निर्देश दिया गया कि जितने भी प्राथमिकी से संबंधित मामले हैं उसमें डोसियर खोलना सुनिश्चित करें। अवैध खनन पर निगरानी रखने एवं अंकुश लगाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी, संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष द्वारा समन्वय स्थापित कर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। अवैध खनन से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर तुरंत छापेमारी सुनिश्चित करेंगे। जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अवैध खनित बालू से लदी गाड़ियों पर खनन विभाग से संबंधित जुमार्ने के अतिरिक्त जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर परिवहन विभाग के नियमानुसार शत प्रतिशत कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाना सुनिश्चित करेंगे। स्पीरीट की कोई सूचना यदि प्राप्त हो तो उसका सत्यापन करने और अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया।



## खबरें फटाफट

### दरवाजे पर खड़ी बाइक की चोरी

**डुमरांव।** स्थानीय चाणक्यपुरी कॉलोनी से एक बुलेट बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। बाइक दरवाजे पर खड़ी थी कि उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। इस मामले में पीड़ित चाणक्यपुरी कॉलोनी के श्याम सुंदर पांडेय ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गयी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि पीड़ित रात्रि पहर अपने मकान के दरवाजे पर बाइक को खड़ा कर अंदर चला गया था। जब सुबह में बाहर निकला तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक का कोई सुराग नही मिला। बाइक का नंबर बीआर 24 वाई 5767 बताया जाता है। पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### विवाद में युवती की पिटाई, केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के कसियां गांव में मामूली विवाद को लेकर एक महिला की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित युवती रामदयाल यादव की बेटी कांति कुमारी ने तीन लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि भजन यादव उनकी पत्नी और मां तीनो ने मामूली विवाद को लेकर पिटाई कर दी। पास-पड़ोस के लोगो के आने के बाद नामजद वहां से हटे। पिटाई के कारण मुझे चोटें आयी।

### 28 तक मांग पूरी नहीं हुई तो करेंगे भूख हड़ताल

**बक्सर।** अनुकंपा का लाभ नहीं मिलने से नाराज मृत शिक्षकों के आश्रितों का धरना आठवें दिन भी जारी रहा। इधर शिक्षा विभाग या जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी उनकी सुधि लेन नहीं पहुंचा। भीषण गर्मी व लू के बीच धरना पर बैठे आश्रितों की तबीयत भी खराब होने लगी है। इस कारण उनमें जबर्दस्त आक्रोश है। सोमवार को धरना पर बैठे आश्रितों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 28 मई तक जिला प्रशासन उनकी मांगों को पूरा नहीं करता है तो भूख हड़ताल किया जाएगा। धरना पर बैठे शिक्षकों ने बताया कि डीईओ एवं डीपीओ से फाइल को डीडीसी तक पहुंचाने में 2 साल का समय लग गया है। जिसके कारण शिक्षकों के आश्रित पूरी तरह निराश हो चुके हैं। जिसके कारण उन्हें शांतिपूर्ण धरना का मार्ग प्रशस्त करना पड़ा। वही धरना पर बैठे शिक्षक के आश्रितों ने बताया कि अब तक 8 दिन में कोई भी अधिकारी उनका हालचाल लेने के लिए नहीं पहुंचे हैं।

### बक्सर डीएम के निर्देश पर जिलेभर में किया गया सेंटर व पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण

# अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ चला अभियान, नौ सील

- तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालकों से पूछा गया स्पष्टीकरण
- चिकित्सा पदाधिकारी व बीडीओ ने डुमरांव में चलाया जांच अभियान
- शहर में कुकुरमुत्तें की तरह उग आए हैं कई पैथोलॉजी लैब सेंटर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को जिला भर में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथोलॉजी लैब सेंटरों की जांच की गई। इस दौरान प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से यानी बिना रजिस्ट्रेशन व मानक के संचालित नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। सील किए गए नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर में से पांच डुमरांव के, एक चौगाईं का और तीन अन्य स्थानों के हैं। वहीं तीन पैथोलॉजी लैब सेंटर से स्पष्टीकरण पूछा गया है। ये तीन ऐसे पैथोलॉजी सेंटर हैं जो या तो प्रशासन के डर से अपना सेंटर बंद कर दिए थे या फिर जांच के दौरान उनके यहां कोई डाक्टर नहीं मिले। जिसके बाद तत्काल उनके लैब में ताला बंद कर स्पष्टीकरण पूछा गया हैं। प्रशासन व स्वास्थ विभाग की इस कार्रवाई से पैथोलॉजी लैब संचालकों की मुश्किलें बढ़ी रही। कई पैथोलॉजी संचालक तो अपनी दुकान बंद कर फरार हो गए थे। हालांकि इस दौरान तीन लैब जांच में मानक पर खरे भी उतरे हैं। छापेमारी का नेतृत्व बीडीओ संतोष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरबी प्रसाद व डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम कर रहे थे। प्रशासन के इस अभियान से पैथोलॉजी सेंटर चलाने वालों में हड़कंप मच गया है। मंगलवार को प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया जाएगा।



### सील किए गए अल्ट्रासाउंड सेंटर पर होगा एफआईआर

जानकारी के अनुसार अपोलो अल्ट्रासाउंड तथा पूजा पैथोलॉजी एंव जांच घर को बिना निबंधन के संचालित होते पाया गया। जिसे तत्काल सील कर दिया गया। दोनों जांच घरों पर एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही थी। वहीं अराध्या अल्ट्रासाउंड एंड पैथोलॉजिक सेंटर, न्यू मां अल्ट्रा साउंड तथा वैष्णवी अल्ट्रासाउंड के बिना मानक संचालित होने पर स्पष्टीकरण पूछा गया है। बताया जाता है कि इनमें किसी के यहां डाक्टर नहीं थे तो कोई जांच के डर से अपने सेंटर को बंद कर दिया था। जिस कारण स्पष्टीकरण पूछा गया है। संतोषजनक जबाव नहीं देने वालों के लैब को सील कर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। जबकि सविता एक्सरे, इंडियन अल्ट्रासाउंड तथा अंबे अल्ट्रा साउंड को जांच में सही पाया गया।

### शहर में कुकुरमुत्ते की तरह उग आए है पैथोलॉजी सेंटर

बता दें कि डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक अल्ट्रासाउंड सेंटर खुल हैं। आकड़ों की मानें तो सिर्फ 10 के पास ही निबंधन है। वहीं जिनके पास निबंधन है, वो भी मानक को पूरा नहीं करते हैं। जानकारों का कहना है कि अधिकांश लैब बिना डाक्टर व तकनीशियन के ही संचालित हो रहे हैं। जहां न तो मरीजों की ठीक से जांच की जा रही है और न ही उनके रिपोर्ट ही सही आ रहे हैं।

**रोक के बावजूद हो रहा है भ्रूण परीक्षण:** शहर में अवैध तरीके से संचालित हो रहे जांच घरों में रोक के बावजूद धड़ल्ले से भ्रूण परीक्षण किया जा रहा है। जो लैब संचालकों की गाढ़ी कमाई का मुख्य जरिया है। स्वास्थ विभाग व स्थानीय प्रशासन की चुप्पी से वर्षों से इनका धंधा फल फूल रहा है। बता दें कि अधिकांश लैब शहर के मुख्य पथ स्टेशन रोड के किनारे ही संचालित होते है।

### चौगाईं में भी सील हुआ एक अल्ट्रासाउंड सेंटर

डीएम के निर्देश पर चले अभियान में सोमवार को चौगाई में भी एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया है। बीडीओ तेज बहादूर सुमन, चौगाई पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डा मितेन्द्र सिंह तथा मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद द्वारा चौगाई में संचालित हो रहे रौशनी अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया है। बताया जाता है कि जांच के दौरान इस सेंटर में न तो संसाधन मिला और न ही कोई डाक्टर ही यहां थे। जिसके बाद चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा इसे सील करवाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथोलॉजी लैब संचालकों की परेशानी बढ़ गई है।

बिना निबंधन चलने वाले दो जांच घरों को सील कर दिया गया है। उनपर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। वही बिना डाक्टर संचालित हो रहे तथा जांच के दौरान बंद पाए गए लैब संचालकों से स्पष्टीकरण पूछा गया है। संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

– **डॉ आरबी प्रसाद**, चिकित्सा पदाधिकारी, डुमरांव पीएचसी

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिलेभर के पैथोलॉजी सेंटरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिना निबंधन और बिना डॉक्टरों के संचालित होने वाले 9 सेंटरों को सील किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

-**डा. सुरेश चंद्र सिन्हा**, सीएस बक्सर

# येलो फीवर का टीका सिर्फ एम्स पटना में ही लगेगा

- येलो फीवर का टीका लगाने के लिए नहीं होगा किसी अनधिकृत टीकाकरण केंद्र का इस्तेमाल
- सचिव स्वास्थ्य-सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

येलो फीवर, इसे आम भाषा में पीलिया और ज्योंडिस के नाम से भी जाना जाता है। 9 माह के आयु में इसका टीका शिशु को लगाया जाता है जिससे वह आगे चलकर इस रोग से सुरक्षित रह सके। येलो फीवर का टीका लगाने के लिए राज्य में सिर्फ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एकमात्र प्राधिकृत केंद्र है। उक्त प्राधिकृत केंद्र के अलावा एक जिले से कुछ वर्ष पहले येलो फीवर का टीका लगाया गया था। इसे संज्ञान में रखते हुए सचिव स्वास्थ्य-सह-कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने सिविल सर्जन को पत्र जारी कर जिले में येलो फीवर टीकाकरण से संबंधित अनधिकृत केंद्र का संचालन नहीं करने का निर्देश जारी किया है।

जारी पत्र में बताया गया है कि पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एकमात्र ऐसा प्राधिकृत केंद्र है जहां येलो फीवर का टीका लगाया जाता है। यह सुनिश्चित किया जाना है कि जिलान्तर्गत येलो फीवर टीकाकरण से संबंधित किसी भी टीकाकरण केंद्र का संचालन नहीं हो।




### जानें क्या है येलो फीवर

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार येलो फीवर एक मच्छर जनित रोग है जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में मनुष्य को काटता है और संक्रमित करता है। येलो फीवर के लक्षण तत्काल दिखाई नहीं देते हैं। धीरे धीरे संक्रमित व्यक्ति को अचानक बुखार आना, सर एवं पीठ में तेज दर्द, जी मचलाना अथवा उल्टी होना, थकावट का अहसास जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। येलो फीवर के उपचार के लिए कोई दवा उपलब्ध नहीं है लेकिन ग्रसित मरीज ज्यादा से ज्यादा आराम करे, पानी तथा तरल पदार्थों का सेवन करें। सर एवं पीठ के दर्द को कम करने के लिए मरीज चिकित्सक की सलाह पर पैन किलर दवा का भी इस्तेमाल कर सकते है। येलो फीवर से सुरक्षा के लिए 9 माह अथवा इससे ऊपर के बच्चों को वाईएफ 17 डी वैक्सीन लगायी जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पूरे विश्व में हर वर्ष 2 लाख से ज्यादा येलो फीवर के मरीज पाए जाते हैं। इस रोग से प्रतिवर्ष 30 हजार लोग अपनी जान गंवा देते हैं।

# कब्रिस्तान की जमीन हड़पने का आरोप, लोगों का हंगामा



**केटी न्यूज/चौगाईं**

प्रखंड क्षेत्र के बंजरिया गांव के कब्रिस्तान की जमीन को हड़पने का आरोप लगाते हुए दर्जनों ग्रमीणों ने ब्लाक पर पहुच कर हंगामा किया। बाद में ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन दे मामले की जांच कर कब्रिस्तान को अतिक्रमणमुक्त करने की मांग की। जानकारी के अनुसार बंजरिया के करुणा पति तिवारी पिता स्व० शिवशंकर तिवारी अपने रैयती जमीन खाता नम्बर 282 खेसरा 1427 के तैतीस डिसमिल जमीन की मापी के लिए अंचलधिकारी के पास गुहार लगाए। जिसमे अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने जमीन नापी के लिए 19 तारीख का दिन निर्धारित किया था। तभी ग्रामीणों की इसकी सूचना मिल गई और एक दिन पहले ही ग्रामीणों लिखित आपत्ति दर्ज करा दिया। उसके बाद अंचलाधिकारी अजीत कुमार सोमवार को सुनवाई का समय निर्धारित किये थे। जहां दर्जनों की संख्या में बंजरिया गांव के ग्रामीण अंचल कार्यालय पहुँच हंगामा करने लगे। वहीं हरेराम सिंह, सुरेंद्र सिंह, कृष्णा कुमार, कमलेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोग सैकड़ो वर्षो से सुनते आ रहे है कि जमीन कब्रिस्तान के नाम से जाना जाता है। ग्रामीणों ने सीओ पर आरोप लगाया कि वे करुणा पति तिवारी से मिल कर इस जमीन को उनके नाम दर्ज कर दिये है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रशासन उक्त जमीन पर उन्हें कब्जा दिलवाता है तो डीएम से सीएम तक जाकर गुहार लगाई जाएगी। इस संबंध में सीओ ने बताया कि यह करुणा पति तिवारी की रैयती जमीन है। जमीन नापी के लिए आवेदन दिये थे।

# खुलासा: कुख्यात बजरंगी तिवारी ने हथियार से वार कर बड़क मुसहर को उतारा था मौत के घाट

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

बगेन थाना क्षेत्र के भदवर अनुसूचित जाति बस्ती के बड़क मुसहर हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। उसकी हत्या भदवर के कुख्यात बजरंगी तिवारी ने नुकीले हथियार से वार कर की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के सामने उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बजरंगी ने बताया कि बड़क ने उसे गाली दी थी, इसी कारण उसने नुकीले हथियार से वार कर उसकी जान ले ली।

एसपी मनीष कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया था तथा डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर इस मामले की उद्भेदन की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। टीम ने दो दिनों के अंदर ही इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि भदवर अनुसूचित जाति बस्ती के मिश्रीलाल मुसहर का 38 वर्षीय पुत्र बड़क मुसहर 19 मई की रात घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकला था, लेकिन लौट कर नहीं आया। अगले



दिन सुबह नहर किनारे उसका खून से लथपथ शव पाया गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी थी। जिस तरीके से उसकी हत्या की गई थी उससे पुलिस को पहले दिन से ही बजरंगी तिवारी पर शक था। पुलिस ने जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया तो उसने अपना जुर्म कबूलते हुए बताया कि उसने बातचीत के दौरान मुझे गाली दे दी थी, इसी से नाराज होकर उसकी हत्या कर दी।

**हिस्ट्रीशीटर है बजरंगी, पहले भी कर चुका है दो हत्या:** बता दें कि बजरंगी तिवारी हिस्ट्रीशीटर अपराधी है तथा चार साल पहले दोहरे हत्याकांड को अंजाम दे सुर्खियों में आया था। पुलिस की मानें तो 15 सितंबर 2019 को उसने गांव के ही प्रदीप साह व योगेन्द्र पांडेय की मामूली बात पर गोली मार हत्या कर दी थी। इस मामले में वह जेल भी गया था। बेल पर बाहर आने के बाद वह छोटे व्यवसायियों व राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया था। आए दिन लोगों के साथ मारपीट व छिनतई करना उसका शगल बन गया था। बताया जाता है कि वह जूड़े कराटे में ब्लैक बेल्टधारी तथा मजबूत कद काठी का है। ग्रामीणों की मानें तो अत्यधिक नशा सेवन के चलते उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती है। यही कारण है कि बात बात पर वह लोगों को मारता पीटता रहता हैं।

### क्या कहते हैं एसपी



पुलिस ने इस हत्याकांड को चुनौती के रूप में लिया था। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल डुमरांव एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। इस टीम ने दो दिनों के अंदर ही आरोपी बजरंगी तिवारी को गिरफ्तार लिया। उसने अपना जुर्म कबूल लिया है।

**– मनीष कुमार, एसपी बक्सर**

## एक नजर

### मुंडन संस्कार में उमड़ी भीड़, क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने पर जब्त किए गए तीन नाव



**बक्सर।** सोमवार को मुंडन संस्कार के दौरान बक्सर के रामरेखा घाट पर मुंडन कराने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। बड़ी संख्या में लोगों के मुंडन संस्कार में पहुंचने से घाट पर तिलभर भी जगह नहीं बची थी। भीषण गर्मी व तल्ख धूप के बावजूद लोग पूरे विधि विधान से जीवन के इस अहम संस्कार का निर्वहतन करते देखे गए। हालांकि इस अवसर का लाभ नाविकों ने जमकर उठाया। नावों का परिचालन ओवरलोड हो रहा था। किराया भी तिगुने से चार गुना तक लिया जा रहा था। बलिया में हुए नाव हादसें के बावजूद न तो स्थानीय प्रशासन नाव संचालकों के इस मनमानी पर सख्त रूख अख्तियार कर पाया और न ही लोगों को कुछ समझ में आ रहा था। लोग जान जोखिम में डाल ओवर लोड नावों की सवारी कर रहे थे। क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने, लाइफ जैकेट का इस्तेमाल नही करने और नाव के निबंधन का प्रमाण नही प्रदर्शित कर पाने के कारण सोमवार को तीन निजी नावों को जब्त किया गया और 7 नाविकों को हिरासत में लिया गया है। अनिबंधित नावों के विरुद्ध यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### पैतृक गांव पहुचने पर प्रतिभा सिंह का हुआ स्वागत

**चौगाई।** चौगाईं की बेटी व हाल ही में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली कद्दावर नेत्री प्रतिभा सिंह सोमवार को अपने पैतृक गांव पहुंची। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया। वे भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार अपने गांव आई थी। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। उससे पहले वे भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी के डुमरांव स्थित कार्यालय भी पहुंची थी। जहा उनके नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने उनका स्वागत किया। डुमरांव से चौगाई पहुंचने के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने जगह-जगह फूल माला देकर उनका स्वागत किया और भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर काफी खुशी व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर देश की जनता उनके साथ है और इस पूरे क्षेत्र की जनता उनके उम्मीदों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### केसठ में शिविर लगा हुई दिव्यांगता की जांच, मिलेगा प्रमाण पत्र

**केसठ।** केसठ पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में सोमवार को दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र बनवाने के उद्देश्य दो दिवसीय शिविर की शुरूआत की गई। इसेका आयोजन समग्र शिक्षा अभियान के तहत किया गया था। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के सैकड़ों दिव्यांग छात्र तथा उनके परिजन पहुंचे थे। जिसका नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने किया। इस दौरान 0 वर्ष से 18 वर्ष तक के दिव्यांग लोगों को दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेषज्ञ डक्टरों द्वारा जांच किया गया। शिविर में कुल 5 काउंटर बनाए गए थे। जिसमें में डॉ वीरेंद्र कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ, अरुण श्रीवास्तव नेत्र रोग विशेषज्ञ, ब्रजनंदन कुमार नेत्र सहायक, मनोज कुमार लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय बक्सर आदि द्वारा आए हुए दिव्यांग बच्चों का जांच किए। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएचसी केसठ के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धर्मदेव सिंह ने बताया कि शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों की जांच किया जा रहा है। स्वास्थ्य प्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में काफी संख्या में दिव्यांग है जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं रहने के कारण सरकार से पेंशन एवं किसी प्रकार का यंत्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है इसको लेकर दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान कुल लगभग 37 लोगो का रजिस्ट्रेशन किया गया।

### सिमरी प्रखंड में अरणी मंथन व पंचांग पूजन के साथ आज होगी महायज्ञ की विधिवत शुरुआत

# विशाल शोभायात्रा के साथ सहियार में शुरू हुआ शतचंडी महायज्ञ

- शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं का यज्ञस्थल पर उमड़ने लगा था हुजूम

**केटी न्यूज/सिमरी**

प्रखंड के सहियार काली मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के लिए सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा वैदिक विधान व मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ मंडप से निकला तथा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए नियाजीपुर के रास्ते रामदास के डेरा तथा वहा से फिर गंगा तट पहुंचा। कलश में पवित्र गंगाजल भर श्रद्धालु वापस यज्ञ मंडप लौट आए।

मंगलवार को अरणी मंथन व पंचांग पूजन के साथ महायज्ञ की विधिवत शुरूआत की जाएगी। महायज्ञ के शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं का हुजूम यज्ञस्थल पर लगनी शुरू हो गई थी। इससे पहले यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 श्री आचार्य संत श्री लखन दासजी महाराज के शिष्य कन्हैया दास जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य कलश की विधिवत पुजा अर्चना करवाई। उसके बाद शोभायात्रा यज्ञ स्थल से निकला था।

आयोजन समिति ने बताया कि 30 मई को इस महायज्ञ के पूणार्हूति दी जाएगी। इस दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। महायज्ञ के आयोजन में ग्रामीण युवा भी काफी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। आयोजन समिति द्वारा यज्ञ मंडप के निर्माण के साथ ही साधु संतो के लिए कुटिया का निर्माण किया गया है। वही श्रद्धालुओं तथा प्रवचन सुनने आने वालों के लिए भी बैठने की व्यवस्था की गई है। महायज्ञ स्थल के पास मेले का आयोजन हो रहा है। जिसमें बच्चों की टोलियां अभी से ही उमड़ रही है।



### श्रद्धालुओं के जयघोष से गुंजयमान हो रहा था पूरा क्षेत्र

शोभायात्रा में सुसज्जित रथ के अलावे, हाथी, घोड़े, उंट, डीजे तथा सैकड़ो महिला श्रद्धालु शुभ्र वस्त्रों में अपने हाथ में कलश लिए कतारबद्ध तरीके से शामिल हुई, जो आकर्षण का केन्द्र बन गया था। इस दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रो से हो रहे मंगलाचरण व महिला श्रद्धालुओं के द्वारा गाए जा रहे भजनों से इलाके का माहौल भक्तिमय बन गया था। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजयमान हो रहा था। इस महायज्ञ के आयोजन से ग्रामीणों में अदम्य उत्साह है। महायज्ञ स्थल पर हो रहे वैदिक मंत्रोच्चार तथा मांगलिक गीतों से क्षेत्र में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है।

## नाव दुर्घटना में बचाए गए लोगों को बेहतर इलाज के लिए किया गया वाराणसी रेफर, डीएम ने दिया मदद का आश्वासन

# हादसा: मुंडन संस्कार के दौरान नाव फटने से गंगा में डूबे 30 से अधिक लोग; तीन की मौत, पांच की स्थिति गंभीर

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद वासियों के लिए सोमवार का दिन काफी मनहूस गुजरा। बलिया के माल्देपुर घाट पर एक मुंडन (ओहार) संस्कार में नाव पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, पांच लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया। घटना का मुख्य कारण नाव पर क्षमता से अधिक लोगों का बैठना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नाव पर लगभग तीन दर्जन लोग बैठे हुए थे। जो जर्जर स्थिति में थी। नाव पर सवार सभी लोग मुंडन परंपरा के लिए अपने घाट से 750 मीटर दूर स्थित दूसरे घाट पर जा रहे थे। कुछ दूर नदी में आगे जाने के दौरान बीच से ही नाव बीच से फटने लगी और उसमें पानी भरने लगा। यह देख नाव पर सवार लोग पानी में कूदने लगे। थोड़ी देर में ही नाव में पूरी तरह पानी भर गया, जिसमें नाविक समेत अन्य लोग पानी में डूबने लगे।

जिसे देख घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस बीच नदी में डूबते कुछ लोगों ने पास में लगाए गए पीपा पूल की रस्सी पकड़ अपनी जान बचाई। वहीं, लोगों का शोर सुनकर घाट पर मौजूद स्थानीय गोताखोर और नाविकों ने लोगों की जान बचाना शुरू किया। घाट पर मौजूद संस्कारियों ने तत्काल पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद आननफानन में पुलिस पहुंची और स्थानीय प्रशासन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। काफी देर बाद एनडीआरएफ की टीम भी बचाव के लिए पहुंची। हादसे के बाद नदी से कुल 12 लोगों को निकाला गया। शेष अन्य की तलाश जारी रही। वहीं, आठ लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। इनमें से तीन महिलाओं की मौत हो गई।


घटना के बाद जानकारी लेने पहुंचे जिलाधिकारी व स्थानीय लोग

- एनडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों ने 12 लोगों को निकाला, शेष की तलाश जारी
- जिलाधिकारी व सांसद ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढाढस

**जानकारी मिलने पर पहुंचे जिलाधिकारी :** दूसरी ओर, घटना की जानकारी होते ही जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के साथ जनपद स्तरीय और प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पानी से निकाले गए लोगों को जल्द जल्द अस्पताल ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने घटना में डूबे लोगों परिजनों से भी बात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि नाव हादसे में सीमा यादव 32 पुत्री मखनू यादव निवासी नवानगर थाना बांसडीहरोड, इंद्रावती देवी 60 पत्नी नेपाल खरवार निवासी सोनबरसा गड़वार, गंगोत्री देवी 55 पत्नी मुख्तार खरवार निवासी सोनबरसा थाना गड़वार की डूबने से मौत हो गई। इसके अलावा सुकरा देवी 50 पत्नी शिव शंकर निवासी सागरपाली थाना फेफना, मंजू देवी 32 पत्नी हरेंद्र प्रजापति निवासी लालगंज बैरिया, मालती देवी 55 निवासी सुखपुरा, सरोज कुमारी 35 पत्नी रंजीत कुमार ठाकुर निवासी न्यू बहेरी जलालपुर थाना शहर कोतवाली, जमुना देवी 45 पत्नी हरेराम यादव निवासी नवानगर थाना बासडीहरोड का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वैसे प्रशासन एवं आमजन द्वारा कुल 12 लोगों को बाहर निकाला गया है, शेष लोगों की तलाश जारी है।


इलाजरत लोगों से वार्ता करते परिवहन मंत्री व जिलाधिकारी

**13 साल पहले ओझवलिया में हुआ था नाव दुर्घटना :** 15 जून 2010 के ओझवलिया नाव दुर्घटना को जिसने भी देखा और सुना है, उस मंजर को स्मरण कर आज भी लोग सिहर उठते है। ओझवलिया नाव दुर्घटना जिले की अब तक की सबसे बड़ी नाव दुर्घटना मानी जाती है। इस हादसे में लगभग 62 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद प्रशासन द्वारा कुछ सक्रियता अवश्य बढ़ी थी, लेकिन समय के साथ लोगों की आस्था का सैलाब देखते हुए पुलिस निष्क्रिय हो गई।

**स्थानीय प्रशासन को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता :** ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए स्थानीय प्रशासन को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। वैध घाट पर ही नावों का संचालन हो। पंजीकृत और फिट नाव का संचालन हो। इसके साथ ही नाव संचालक को प्रशिक्षण (अनुभव के आधार पर) संचालन प्रमाण पत्र (लाइसेंस) अनिवार्य कर दिया जाय। समय-समय पर इनकी कार्य कुशलता की भी जांच हो। मुंडन संस्कार के दिन घाटों को चिन्हित कर भीड़ उमड़ने की दशा में गोताखोरों की ड्यूटी लगाई जाए।

### मुंडन संस्कार के लिए घाटों पर बढ़ जाती है भीड़

बड़े और दर्दनाक हादसों को भूल जाना भी हादसों को न्यौतने जैसा ही है। बलिया शहर से सटे माल्देपुर नाव दुर्घटना फिर से एक नई टीस दे गया। लाजिमी है कि हम फिर वक्त के साथ इस घटना को भी भूल जाएंगे। सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक ऐसे नाव हादसे का लोग शिकार होते रहेंगे ? जर्जर और मानकविहीन ओवरलोड नावों का संचालन आखिर किसकी शह पर निर्बाध हो रहा है? सर्वविदित है कि मुंडन संस्कार के लिए गंगा घाटों पर भीड़ बढ़ जाती है। इसके साथ ही घाट पर वैध व अवैध नावों की गतिविधियां भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है।

## सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सीएम योगी को लिखा पत्र, एनडीआरएफ चौकी स्थापित करने की मांग

**बलिया।** सोमवार की सुबह बलिया के माल्देपुर घाट पर गंगा नदी में मुंडन संस्कार में आये लोगों के नाव पलटने से हुई मौत पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने शोक व्यक्त करते हुए, ऐसी घटनाओं के भविष्य में होने पर जान माल का नुकसान कम से कम हो, इसके लिये सीएम योगी को पत्र लिखा है। बता दें कि दुर्घटना के बाद लगभग 5 घंटे बीत जाने के बाद भी एनडीआरएफ की टीम घाट पर नहीं पहुंची थी। जिससे लापता लगभग एक दर्जन लोगों को खोजने का काम बाधित रहा। इससे व्यथित होकर सांसद मस्त ने सीएम योगी को पत्र भेजा है। पत्र में श्री मस्त ने सीएम योगी से कहा है कि आज दिनांक 22 मई 2023 को बलिया के अंतर्गत माल्देपुर में नाव दुर्घटना होने के कारण डूबने से कुछ लोगों की मृत्यु हो गई है तथा कई लोगों को बचाया जा चूका है। इस



सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि इन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाए एवं भविष्य में ऐसी किसी दुर्घटना होने पर त्वरित राहत प्रदान करने हेतु स्थायी जल पुलिस चौकी अथवा राज्य आपदा प्रबंधन दल की एक टुकड़ी की तैनाती सदैव जनपद बलिया में हो । कहा है कि जनपद बलिया 4 प्रमुख नदियों (गंगा, घाघरा, टोंस एवं मंगई) तथा सुरहा ताल से घिरा हुआ इलाका है। यहाँ लोग प्रकृति से जुड़े हुए है, जिसमे नदियों के किनारे पर प्रतिदिन धार्मिक आयोजन मुंडन एवं दाह-संस्कार आदि के लिए लोग बड़ी संख्या में आते रहते है, इस दौरान डूबने अथवा नाव पलटने जैसी दुर्घटनाओं की सम्भावना निरंतर बनी रहती है, इस प्रकार की दुर्घनाओं में जान-माल की क्षति होती है । डूबने अथवा नाव पलटने जैसी दुर्घटनाओं के बाद व्यक्तियों को ढूंढने के लिए वाराणसी अथवा अन्य जनपदों से सहायता बुलानी पड़ती है, जिसमे काफी समय लग जाने से व्यक्ति को जीवित बचने की सम्भावना शून्य हो जाती है। अतः आपसे अनुरोध है की बलिया जनपद में दुर्घटना होने पर त्वरित राहत प्रदान करने हेतु स्थायी जल पुलिस चौकी अथवा राज्य आपदा प्रबंधन दल की एक टुकड़ी की तैनाती कराने की कृपा करें जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घनाओं में होने वाली क्षति को निम्न किया जा सके।


हादसे के बाद डूबे हुए लोगों को नदी से बाहर निकालते स्थानीय गोताखोर

## सड़क दुर्घटना में जीप पलटने से पिता-पुत्र की मौत, दर्जनभर जख्मी

**केटी न्यूज/बलिया**

यूपी के बलिया जिले में सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मुंडन संस्कार में जा रहे परिवार की जीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। वहीं 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से कोहराम मच गया। मुंडन संस्कार समारोह की खुशियां मातम में बदली गईं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गड़वार थाना क्षेत्र के मझौवा गांव से खिचड़ी चौहान के नाती शिवम का मुंडन संस्कार होना था। रिश्तेदार और पूरा परिवार जीप में सवार होकर बलिया गंगा घाट जा रहा था। सलेमपुर पुलिया के समीप बलिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से जीप की आमने-सामने टक्कर हो गई।

जीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में मझौवा निवासी पिता-पुत्र खिचड़ी चौहान (65) और रामाशंकर चौहान (45) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं धर्मेंद्र चौहान (25), बिंदू देवी (40), मुन्नू ठाकुर (45), अभिषेक (25), राम सिंह (50), लहसिया देवी (55), गुजराती देवी (53), अनवर (50), विष्णु देव (55), बीनू देवी (35) गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी घायलों को प्रभारी निरीक्षक गडवार आरके सिंह ने नगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। क्रेन की मदद से वाहनों को थाने लाया गया। पिता-पुत्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## नवनिर्मित पुलिस चौकी के भोजनालय व बैरक का एसपी ने किया उद्घाटन

**गाजीपुर।** जनपद के पुलिस चौकी बहादुरगंज के नवनिर्मित भोजनालय तथा बैरक का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन का सहयोग जनता के हित में सदैव रहा है। जनता मित्रवत पुलिस को पसंद करती है। इसका प्रमाण आप सबके सहयोग से निर्मित भोजनालय व बैरक है, जो आज अपनी भव्यतम स्थिति में मौजूद है। हम आपको यकीन और विश्वास दिलाते हैं कि गाजीपुर की पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा और शांति को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। चौकी इंचार्ज आशुतोष कुमार शुक्ला का योगदान की भूरी- भूरी सराहना के लायक है। मौके पर कासिमाबाद कोतवाल शिव प्रताप वर्मा, कासिमाबाद तहसीलदार जयसिंह, गोपीनाथ पीजी कॉलेज के संरक्षक राकेश तिवारी, धनंजय कुमार, पट्टू बनवाल, ग्राम प्रधान योगेंद्र प्रसाद, पप्पू तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली से टकराई मैजिक, मासूम की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के सिकन्दरपुर में बलिया मार्ग पर सोमवार को खड़सरा चट्टी के जिगिरिसड मोड़ से करीब 200 मीटर पहले मैजिक आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिसमे मैजिक में सवार करीब 16 लोग घायल हो गए। जिसमें हथौज निवासी 3 वर्षीय बालक गोलू पुत्र राजकुमार बहेलिया की मौत हो गयी। बाकी सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर बलिया गंगा घाट से मुंडन संस्कार से लौट रही मैजिक खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा चट्टी के जिगिरिसड मोड़ से करीब 2सौ मीटर पहले आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि मैजिक आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।मैजिक में बैठे यात्रियों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और



घायलों को बाहर निकाले। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक खेजुरी बीपी पांडेय ने सभी घायलों को इलाज हेतु तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेजुरी भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलो को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।घायलों में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हैं।

प्रभारी निरीक्षक बीपी पांडे ने बताया कि मैजिक व ट्रैक्टर की भिड़ंत में मैजिक में बैठे करीब 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान एक बालक की मौत हो गयी। सभी को बलिया सदर अस्पताल के लिए भेज दिया गया है।

### एक नजर

#### मेलों के माध्यम से मिलेंगे रोजगार के अवसर

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान रोजगार मेले का वार्षिक लक्ष्य, चयनित जॉबसीकरो का वार्षिक लक्ष्य, रोजगार मेला के अवसरों को बढ़ाने पर चर्चा, जनपद में स्थापित उद्योगों में जनपद के ही बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर चर्चा, जनपद में स्थापित उद्योगों में प्रयुक्त होने वाली ऐसी सामग्री जो घरेलू उत्पाद के रूप में विकसित की जा सके के संबंध में चर्चा, बेरोजगार युवाओं को स्थापित उद्योगों में निःशुल्क तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के योग्य बनाए जाने आदि पर चर्चा विस्तार पूर्वक की गई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए अधिक से अधिक रोजगार मेलों का शासन के गाइडलाइन के अनुसार रोजगार मेला लगाकर युवाओं को रोजगार दिया जाए।उधमी बाल कृष्णा द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार का यह एक बड़ा कदम है जिसके माध्यम से युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य आई.टी.आई. ने रोजगार को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिया कि जनपद से अधिकतर विद्यालयों जैसे 10वीं 12वीं एवम स्नातक आदि संस्थानों से छह-छह माह पर इंटरशिप कराने हेतु बच्चों में उत्साह उत्पन्न किया जाए जिससे अधिक से अधिक संख्या में बच्चे प्रशिक्षण लेकर उद्योग के क्षेत्र में जागृत हो।



#### चेयरमैन ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**मऊ।** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डॉ. इफ्तेखार अहमद जावेद द्वारा आज जनपद मऊ के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। डॉ जावेद सर्वप्रथम मदरसा फैज-ए-आम बॉयज और गर्ल्स स्थिति परीक्षा केंद्र पहुंचे दोनों केंद्रों पर छात्र छात्राओं से पर्चे के बारे में पूछा जिस पर छात्रों ने पर्चा अच्छा बताया। जिस पर चेयरमैन डॉ. जावेद द्वारा परीक्षार्थियों को खूब अच्छा लेखन करने के लिए कहा गया। उन्होंने एक कक्ष में पंखा धीमे चलने पर केन्द्रव्यस्थापक को निर्देश दिया कि रोशनी और पंखे की उत्तम व्यवस्था दें। ताकि बच्चे एकाग्र होकर लिख सकें। इसके उपरांत डॉ जावेद द्वारा मदरसा आलिया अरबिया स्थिति परीक्षा केंद्र का भृमण किया गया जहां के वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम में बैठ कर एक एक कक्ष के कैमरे व लखनऊ कंट्रोल रूम से वार्ता कर वेबकास्टिंग की लाइव स्थिति की समीक्षा की गई व संतोष व्यक्त किया गया व निर्देश दिया गया कि हर हाल में निर्बाध वेबकास्टिंग होनी चाहिए। इसके उपरांत डॉ जावेद घोसी स्थिति मदरसा शम्सुल उलूम व मदरसा अमजदीया के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किये व केंद्र पर छात्र छात्राओं हेतु पेयजल जेनरेटर से लेकर कक्षओं में प्रकाश, स्ट्रोंगरूम आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र व्यस्थापक को निर्देश देते हुए बताए कि शासन यह परीक्षा जीरो टॉलरेंस की नीति पर करा रहा है। जिसमें नकल करने वालों और उनके सहयोगियों की भूमिका खत्म हो चुकी है।



### गाजीपुर फैन पार्क में क्रिकेट प्रेमियों की उमड़ी ऐतिहासिक भीड़, बोले एमएलसी

## काशी में हो रहा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद स्थित स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में 20 मई से शुरू हुए दो दिवसीय आईपीएल फैन पार्क के दूसरे व अंतिम दिन के पहले मैच का उद्घाटन एमएलसी विशाल सिंह ह्लचंचलह्व के कर-कमलों द्वारा हुआ। 21 मई को मुंबई इंडियन तथा सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए पहले मैच के दौरान एमएलसी विशाल सिंह ह्लचंचलह्व मुख्य अतिथि तथा राजन सिंह उपस्थित रहें। मैच के दौरान दर्शकों के द्वारा किए गए स्टेडियम के मांग का जवाब देते हुए मुख्य अतिथि विशाल सिंह "चंचल" ने बताया कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी (काशी) में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन तथा उत्तर प्रदेश सरकार व भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के सहयोग




से 35000 क्षमता का अन्तर राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है, जो कि जल्द ही पूरा किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने जनपद में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाने में गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) के मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह के समर्पण पूर्ण कार्य की सराहना की।

जनपद में आईपीएल फैन पार्क के सफल आयोजन की उन्होंने जीडीसीए के अध्यक्ष शाश्वत सिंह व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कहा कि निःसंदेह इस प्रकार के आयोजन के लिए किया गया प्रयास सराहनीय है। जीडीसीए अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने संस्था के तरफ से मुख्य अतिथि विशाल सिंह "चंचल" को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इनके अतिरिक्त क्रिकेट परफॉरमेंस सेण्टर (सीपीसी) अध्यक्ष व जीडीसीए सदस्य वैभव सिंह ने अंगवस्त्र तथा जीडीसीए के सचिव डॉ. उमेश चन्द्र राय, डॉ. प्रकाश चन्द्र राय, विनय कुमार सिंह सहित भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के पर्यवेक्षक एल्विन गायकवाड़ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य तथा जीडीसीए के मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि विशाल सिंह चंचल हमारे संरक्षक है और अपने व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर सदैव ही खेल से संबन्धित कार्यों में सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। शाम को खेले गए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर तथा गुजरात टाइटन्स के बीच दूसरे मैच के दौरान जनपद के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## बरामदे में सो रहे कोटेदार को मारी गोली, हालत गंभीर

**गाजीपुर।** नंदगंज थाने के पिपरहीं ग्राम में अज्ञात हमलावरों ने रात्रि में बरामदे में सोए कोटेदार सुबेदार यादव (50) को गोली मार दी और फरार हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जो खतरे से बाहर है। सूबेदार यादव को गोली क्यों मारी गई, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है ?



कोटेदार सुबेदार यादव गर्मी के चलते घर के बाहर बरामदे में चौकी पर सोए थे। मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। गोली कंधे को पार करते हुए बाहर निकल गई, लेकिन बुरी तरह घायल होने से इलाज के लिए सदर हास्पीटल भेजा गया, जहां स्थिति नाजुक बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलने ही सीओ सहित नंदगंज के थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। समाचार लिखे जाने तक यह पता नहीं चल पाया। सुबेदार को क्यों गोली मारी गई। घटना को लेकर आसपास के लोगों में दहशत व्याप्त है।